# आपात स्थिति के लिए अपने पालतू जानवरों को तैयार करना समझदारी है। अब तैयार हो जाइये।



यदि आप देष भर के लाखों पषु मालिकों की तरह हैं, तो आपका पालतू जानवर आपके अपने घर का एक महत्वपूर्ण सदस्य है। आपके और आपके पषु के किसी आपात स्थिति, जैसे कि आग या बाढ़, तूफान या आतंकवादी हमले में बचने की संभावना बड़े पैमाने पर इस पर निर्भर करती है कि आज आपातकालीन स्थिति से बचने के लिये किस तरह से योजना बनाई गयी है। कुछ चीजें जो आप अप्रत्याषित बातों के लिये कर सकते हैं, जैसे कि एक जानवर आपात आपूर्ति किट को तैयार करना और पालतू पषुओं की देखभाल दोस्त प्रणाली को विकसित करना, और ये किसी भी आपात स्थिति के लिए हैं। चाहें आप आपात स्थिति में बने रहने का निर्णय करें या किसी सुरक्षित स्थान पर जाने का, आपको अपने पालतू जानवरों के लिए योजना अग्रिम में ही बनाने की आवष्यकता होगी। ध्यान रखें कि जो आमतौर पर आपके लिये सबसे अच्छा है, वही आपके जानवरों के लिए भी अच्छा है।

अगर आपको खाली करना पड़े तो यदि संभव हो तो आप अपने पालतू जानवर को साथ लेकर जायें। हालांकि, अगर आप एक सार्व. जनिक षरण में जा रहे हैं, यह समझना आवष्यक है कि जानवरों को अंदर आने की अनुमति नहीं होगी। पहले से ही अपने लिये और अपने पालतू जानवरों के लिए आश्रय के विकल्प की योजना बनाकर रखें जो आप दोनों के लिये काम करेंगी।

यदि आप आपातकालीन मामले में अपने पषुओं की खुद देखभाल नहीं कर सकते हैं तो एक अतिरिक्त योजना बनाकर रखें। पड़ोसियों, दोस्तों और रिष्तेदारों के साथ एक दोस्त प्रणाली का विकास करें, जिससे सुनिष्चित हो सके कि यदि आप ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो देखभाल करने के लिए कोई रहे या खाली करने पर कोई साथ रहे। जो कुछ भी आपके हाथ में हो उसे उपयोग में लाने और अपने दम पर कम से कम तीन दिनों या और भी अधिक के लिए इसे बनाने के लिए के लिए तैयार रहें।

अप्रत्याषित के लिए तैयारी करना समझदारी है।
अब तैयार हो जाइये।

इस जानकारी को अमेरिका के मातृभूमि सुरक्षा विभाग द्वारा पषुओं के खिलाफ क्रूरता की रोकथाम करने के लिए अमेरिकन सोसायटी अमेरिकी कैनेल क्लब, अमेरिकन पषु चिकित्सा मेडिकल एसोसिएषन, और अमेरिका की मानवता सोसायटी के परामर्ष के साथ तैयार किया गया।

American Kennel Club℠

ASPCA®
THE AMERICAN SOCIETY FOR THE PREVENTION OF CRUELTY TO ANIMALS

American Veterinary Medical Association®

The Humane Society of the United States

Ready
Prepare. Plan. Stay Informed.®

U.S. Department of Homeland Security
FEMA

FEMA R-7 / Catalog No. 09078-1

Ready
Prepare. Plan. Stay Informed.®



# आपात स्थिति के लिए अपने पालतू जानवरों को तैयार करना समझदारी है। अब तैयार हो जाइये।

U.S. Department of Homeland Security
FEMA

www.ready.gov

# 1 तैयार होना

## पालतू जानवरों के लिए आपातकालीन आपूर्ति किट रखें।

जैसा कि आप अपने परिवार के लिए आपात आपूर्ति किट बनाने के लिए करते हैं, उसी तरह सबसे पहले अस्तित्व की बुनियादी चीजों के बारे में सोचें, खासतौर पर खाना और पानी। दो किट रखने के बारे में सोचें। एक में, हर वह चीज रखें जिसकी जरूरत आप और आपके पालतू जानवर को आपके ठहरने की जगह पर पड़ेगी। दूसरी हल्की, छोटे आकार की होनी चाहिए जिसे आप अपने पास रख सकें यदि आप व आपके पालतू पषु को दूसरी जगह जाना है। साथ ही, यह सुनिष्चित करने के लिए अपनी किट को नियमित रूप से देखकर आष्वस्त हों कि उनका सामान, खासतौर पर भोजन और दवाइयां, ताजा हों या ज्यादा पुरानी न हों।

भोजन। एक वायुरोधी, जलरोधी डिब्बे में कम से कम तीन दिन का भोजन रखें।

पानी। आपके और आपके परिवार के लिए जरूरी पानी के अतिरिक्त अपने पालतू जानवरों के लिए खासतौर पर कम से कम तीन दिन के लिए पानी रखें।

दवाइयां और चिकित्सकीय रिकार्ड। एक जलरोधी डिब्बे में आपके पालतू जानवर द्वारा नियमित रूप से ली जाने वाली दवाओं की अतिरिक्त आपूर्ति रखें।

फर्स्ट एड किट। अपने पषु–चिकित्सक से इस बारे में बात करें कि आपके पालतू पषु की आपात चिकित्सकीय जरूरतों के लिए क्या सबसे उपयुक्त है। ज्यादातर किट में सूती पट्टियों के रोल, पट्टी की टेप और कैंची; एंटीबायोटिक मल्हम; पिस्सू व चीचड़ से बचाव; रबड़ के दस्ताने, आइसोप्रापाइल अल्कोहल और सैलाइन सॉल्यूषन षामिल होने चाहिए। पालतू पषु के लिए फर्स्ट एड संदर्भ पुस्तक भी षामिल करें।

आईडी टैग वाला पट्टा, हारनेस या चेन। आपके पालतू पषु को इसके रैबीज टैग और पहचान वाला पट्टा हमेषा पहनना चाहिए। इसके साथ अपने पालतू पषु की आपात आपूर्ति किट में एक बैकअप चेन, पट्टा और आईडी टैग षामिल करें। इसके अतिरिक्त, अपने पालतू पषु की पंजीकरण संबंधी जानकारी, स्वीकार करने संबंधी कागजात, टीकाकरण दस्तावेज और चिकित्सकीय रिकार्ड की प्रति को एक साफ प्लास्टिक बैग या जलरोधी डिब्बे में रखें और इसे भी अपनी किट में षामिल करें। आपको स्थायी पहचान जैसे कि माइक्रोचिपिंग, और अपने पालतू पषु को रिकवरी डेटाबेस में नामांकित कराने के बारे में अपने पषु–चिकित्सक के साथ बात करने पर भी विचार करना चाहिए।

क्रेट या पालतू पषु को ले जाने के अन्य साधन। यदि आपको एक आपात स्थिति में स्थान छोड़ने की जरूरत पड़ती है तो अपने पालतू पषु और पषु को अपने साथ ले जाएं बषर्ते ऐसा करना व्यावहारिक हो। कई मामलों में, ऐसा करने की आपकी क्षमता को पालतू पषु को ले जाने के लिए तैयार एक मजबूत, सुरक्षित, आरामदायक क्रेट या पालतू पषु ले जाने के साधन से मदद मिलेगी। यह साधन आपके पालतू पषु के लिए खड़े होने, घूमने और लेटने के लिए पर्याप्त रूप से बड़ा होना चाहिए।

सफाई व्यवस्था। पालतू पषु की अपषिष्ट सामग्री और कचरा पेटी व यदि उपयुक्त हो तो, अखबार, पेपर टॉवेल, प्लास्टिक की कचरा थैली और घरेलू क्लोरिन ब्लीच आपके पालतू पषु की साफ–सफाई संबंधी जरूरतों के लिए। आप ब्लीच का इस्तेमाल कीटाणुनाष (नौ हिस्सा पानी में एक हिस्सा ब्लीच डालें) के तौर पर कर सकते हैं, या आपात स्थिति में आप इसे पानी को षुद्ध करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। पानी के प्रति गैलन के लिए घरेलू तरल ब्लीच की 16 बूंदें डालें। सुगंधित या रंग सुरक्षित रखने वाली ब्लीच, या क्लीनर के साथ मिली हुई ब्लीच इस्तेमाल न करें।



आप व आपके पालतू पषु की एकसाथ फोटो। यदि आपात स्थिति में आप अपने पालतू पषु से अलग हो जाते हैं, तो आप व आपके पालतू पषु की एकसाथ फोटो आपको इसपर मालिकाने संबंधी प्रमाण देने और दूसरे लोगों द्वारा आपके पालतू पषु को पहचानने में आपकी मदद हो पाएगी। नस्ल, वंष, उम्र, लिंग, रंग और भिन्नता पैदा करने वाली खूबियों के बारे में विस्तारित जानकारी षामिल करें।

परिचित वस्तुएं। अपनी किट में पसंदीदा खिलौने, खाने की पसंदीदा चीजें या बिस्तर रखें। परिचित चीजें आपके पालतू पषु पर दबाव कम करने में मदद कर सकती हैं।

# 2 योजना बनाना

## आपात स्थिति में आप क्या करेंगे।

स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए तैयार रहें। किसी आपात स्थिति के दौरान अपनी देखभाल करने और अपने पालतू पषु की सुरक्षा सुनिष्चित करने के लिए आपके पास उपलब्ध किसी भी चीज का इस्तेमाल करें। आपकी परिस्थितियों और आपात स्थिति की प्रकृति पर निर्भर करते हुए पहला महत्वपूर्ण निर्णय यह है कि क्या आप वहीं रुकेंगे या चले जाएंगे। आपको दोनो स्थितियों को समझना और उसके लिए योजना बनानी चाहिए। यह निर्धारित करने के लिए सहज ज्ञान और यहाँ सीखी जा रही जानकारी का इस्तेमाल करें कि क्या कोई तात्कालिक खतरा मौजूद है।
किसी आपात स्थिति में, संभव है कि स्थानीय अधिकारी इस बारे में जानकारी न दे पाएं कि क्या हो रहा है और आपको क्या करना चाहिए। हालांकि, निर्देष जानने के लिए टीवी देखें, रेडियो सुनें या इंटरनेट देखें। यदि आपको खासतौर पर स्थान छोड़ने, सुरक्षित जगह पर आश्रय लेने या चिकित्सकीय उपचार लेने के लिए कहा जाता है, तो तत्काल ऐसा करें।

दूर जाने के लिए कोई योजना बनाएं। योजना बनाएं कि आप अपने पालतू पषु को किस तरह एकत्र करेंगे और अनुमान लगाएं कि आप कहां जाएंगे। यदि आपके लिए स्थान खाली करना आवष्यक है, तो अपने पालतू पषु को अपने साथ ले जाएं यदि ऐसा व्यावहारिक है। यदि आप किसी सार्वजनिक आश्रय स्थल पर जाते हैं, तो ध्यान रखें कि हो सकता है कि आपके पषु को अंदर आने की इजाजत न मिले। आपकी देखभाल वाले पषुओं की संख्या और श्रेणी के आधार पर उपयुक्त आवास सुविधा का इंतजाम अग्रिम तौर पर करें। परिवार के ऐसे सदस्य या दोस्त पर विचार करें जो आपात स्थिति में आप व आपके पालतू पषु को रखने के लिए तैयार हों। अन्य विकल्पों में षामिल हो सकते हैं: कोई होटल या मोटल जो पालतू पषु को रखता हो या अस्थायी आवास सुविधाएं, जैसे कि कैनेल या पषु अस्पताल जो निकासी सुविधा या आपके परिवार के मिलने की जगह के पास हों, षामिल हैं। किसी आपात स्थिति के होने से पहले ही अपने क्षेत्र में इन सुविधाओं के बारे में पता लगायें जो आपके लिये और आपके पालतू जानवरों के लिए व्यवहार्य विकल्प हो सकती हैं।

एक दोस्त प्रणाली का विकास करें। पड़ोसियों, दोस्तों और रिष्तेदारों के साथ योजना बनायें जिससे सुनिष्चित हो सके कि यदि आप ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो देखभाल करने के लिए कोई रहे या खाली करने पर कोई साथ रहे। अपनी निकासी योजनाओं के बारे में पालतू पषुओं की देखभाल दोस्त के साथ बात करें और उन्हें दिखा दें कि आप अपने पालतू जानवर की आपातकालीन आपूर्ति किट को कहाँ रखते हैं। इसके अलावा विषिष्ट स्थानों, एक अपने तत्काल पड़ोस में और एक काफी दूर, को निर्दिश्ट करें जहाँ आप एक आपात स्थिति में मिलेंगे।



आपातकालीन योजना के बारे में अपने पालतू जानवरों के डॉक्टर से बात करें। उन चीज़ों पर चर्चा करें जिनको आपको अपने पालतू जानवर की आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा किट मे षामिल करना चाहिए। अन्य षहरों में पषु चिकित्सकों या पषु अस्पतालों के नामों का पता लगायें जहाँ आपका अस्थायी आश्रय की तलाष की आवष्यकता हो सकती है। आपको अपने जानवरों के डॉक्टर के साथ स्थायी पहचान जैसे कि माइक्रोचिपिंग, और अपने पालतू पषु के रिकवरी डेटाबेस में पंजीकरण के बारे में बात करने पर विचार करना चाहिये। यदि आपका पालतू जानवर माइक्रोचिप्ट है, तो अपनी आपातकालीन संपर्क जानकारी को अद्यतन रखना और एक विश्वसनीय रिकवरी डेटाबेस के साथ सूचीबद्ध करना आवष्यक है जिससे कि आप अपने पालतू जानवर के साथ फिर से मिल सकें।

आपातकालीन पषुओं के इलाज के लिए संपर्क जानकारी इकट्ठा करें। मानवता सोसायटी या ̆च्त्, और आपातकालीन पषु अस्पतालों सहित क्षेत्रीय पषु नियंत्रण एजेंसियों की संपर्क जानकारी और पतों की एक सूची बनायें। इन फोन नंबरों की एक प्रतिलिपि को आप अपने साथ और अपने पालतू जानवर की आपातकालीन आपूर्ति किट में रखें। ''अंदर पालतू पषु'' स्टिकरों को प्राप्त करें और उन्हें अपने दरवाजे या खिड़कियों पर लगायें, जिसमें संख्या और आपके घर में पालतू जानवर के प्रकार के बारे में जानकारी षामिल हो जिससे अग्निषमन दल या बचाव कार्यकर्ताओं को सचेत किया जा सके। स्टिकर पर वह फोन नंबर डालने पर विचार करें जहाँ आपके पास एक आपात स्थिति में पहुंचा जा सकता हो। और, यदि आप अपने पालतू पषुओं के साथ जा रहे हों और यदि समय अनुमति दे तो स्टिकर पर ''पालतू जानवरों के साथ खाली कर दिया'' षब्दों को लिख दें।

# 3 जानकारी रखें

## जानकारी रखें – आपात स्थितियों के प्रकार के बारे में जानें।

अप्रत्याषित घटनाओं के लिए तैयार रहने के लिए आप कुछ चीजें कर सकते हैं, जैसे कि अपने, अपने परिवार और अपने पालतू पषु के लिए, एक आपात आपूर्ति किट और आपातकालीन योजना एक ही तरह से बनाना चाहे आपात स्थिति किसी भी प्रकार की हो। हालांकि, इस बारे में जानकारी रखना महत्वपूर्ण है कि क्या हो सकता है और आपके क्षेत्र को किस प्रकार की आपात स्थितियां प्रभावित कर सकती हैं, यह जानने के साथ–साथ उन आपात योजनाओं को जानना जिसे आपके राज्य और स्थानीय सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कि किस तरह तैयार रहा जाए, www.ready.gov पर जाएं या पर 1-800-BE-READY फोन करें।

अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों में इस जानकारी को षामिल करने के लिए तैयार रहें और मौजूद अधिकारियों से प्राप्त निर्देषों का पालन करने का पूरा प्रयास करें। इन आसान तैयारियों के साथ, आप अप्रत्याषित घटनाओं के लिए तैयार हो सकते हैं। अपने व अपने पालतू पषु के लिए तैयारी करने में समय लगाने वाले लोगों के सामने कम कठिनाइयां, दबाव व चिंताएं उपस्थित होने की संभावना रहेगी। स्वयं को व अपने पालतू पषु को तैयार करने के लिए अभी समय लगाएं।

आपात स्थिति के लिए अपने पालतू जानवरों को तैयार करना समझदारी है। अब तैयार हो जाइये।